Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding naming of tiger reserve extended from Satara-Tapola to Chandoli in the name of chief of Shiv Sena Party.

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, धन्यवाद । आज इंटरनेशनल टाइगर डे है । आज ही के दिन माननीय प्रधान मंत्री जी ने ऑल इंडिया टाइगर ऐस्टिमेशन-2018 रिलीज किया है । हमारे देश में टाइगर्स की संख्या तीन हजार के करीब है । सेंटपिट्सबर्ग में निर्णय लिया गया था कि टाइगर्स की संख्या डबल की जाए । भारत ने 2022 के पहले ही टाइगर्स की संख्या डबल कर ली है ।

मैं माननीय प्रधान मंत्री और माननीय मंत्री जी का अभिनंदन करता हूं । महाराष्ट्र में भी नेशनल टाइगर रिजर्व है । महाराष्ट्र में सतारा-तापोला और चंदौली तक फैला एक टाइगर रिजर्व है जो सतारा, सांगली, रत्नागिरी और कोल्हापुर के चार डिस्ट्रिक्ट्स में आता है । माननीय हिन्दू हृदय सम्राट शिव सेना प्रमुख जी भी टाइगर के संरक्षण और संख्या बढ़ाने में दिलचस्पी लेते थे । माननीय शिव सेना प्रमुख उद्धव जी भी टाइगर रिजर्वेशन के लिए काम कर रहे हैं ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि तापोला से चन्दौली तक फैले टाइगर रिजर्व को माननीय हिन्दू हृदय सम्राट शिव सेना प्रमुख टाइगर रिजर्व का नाम दिया जाए, जो इनके ही क्षेत्र में है ।

माननीय अध्यक्ष :

श्रीरंग आप्पा बारणे और

डॉ श्रीकांत एकनाथ शिंदे को श्री राहुल रमेश शेवाले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।